खबर संक्षेप

## पेप्टक सिटी में दहशत: घर में घुसा जहरीला सांप, सफल रेस्क्यू





सतना

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सोहावल इलाके में स्थित पेप्टक सिटी मकान नंबर 348 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक जहरीला सांप घर के अंदर घुस आया। सांप को देख परिवार के सदस्य दहशत में आ गए और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे पास के जंगल में छोड़ दिया,जिससे एक बड़ा खतरा टल गया।



# मैहर में चैत्र नवरात्रि का भव्य आगाज: शक्तिपीठ में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम 10 लाख भक्तों के आने की उम्मीद

**मैहर।** विश्व प्रसिद्ध मां शारदा की नगरी मैहर में गुरुवार से चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारंभ हो रहा है। आस्था के इस महापर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इस वर्ष मेले में देश-प्रदेश से लगभग 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है,जिसे देखते हुए व्यवस्थाओं को 'चाक-चौबंद' किया गया है।

### सुरक्षा का त्रि-स्तरीय घेरा

पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया गया है। मेले की निगरानी के लिए 650 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। मंदिर की पहाड़ी से लेकर तलहटी और मुख्य मेला क्षेत्र



के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहेगा। पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों के जाल से कवर किया गया है,जिसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी।

### प्रशासनिक और चिकित्सा व्यवस्था

मेले के सुचारू संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 20 मेडिकल टीमें तैनात की हैं,जो 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगी। शारदा प्रबंधन समिति द्वारा प्रकाश व्यवस्था और पेयजल के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### यातायात और रेलवे की विशेष पहल

भीड़ नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में बाहरी ऑटो के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं,रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 15 जोड़ी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर अस्थायी स्टॉपेज दिया है। स्टेशन परिसर में जीआरपी और आरपीएफ की अतिरिक्त टुकडियाँ तैनात की गई हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासन की अपील: श्रद्धालु प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें और संदिग्ध वस्तु दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## आपसी रंजिश में चाकूबाजी: खूंथी में युवक पर जानलेवा हमला



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के खूंथी इलाके में मारपीट और चाकूबाजी की घटना हुई है। आरोप है कि नियाज,सरताज और नौशाद ने मिलकर इरशाद नामक युवक पर चाकू और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घायल इरशाद को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा से हड़पी ज्वेलरी पर दंपति के नाम से आरोपी ने लिया था गोल्ड लोन, रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल, अब भी 5 की तलाश

**मैहर।** नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल करने के आरोपी शिवाय उर्फ शिवचरण रघुवंशी 25 वर्ष, निवासी मऊगंज,को 6 दिन की रिमांड के बाद मंगलवार की शाम को अमरपाटन पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस मामले में मास्टरमाइंड के तीन साथी अब भी फरार हैं,तो वहीं जांच-पड़ताल से 2 आरोपी और बढ़ गए हैं। टीआई विजय सिंह परस्ते ने बताया कि आरोपी शिवाय ने पीड़िता से सोने-चांदी के जो आभूषण हासिल किए थे,उन्हें अपने होटल में काम करने वाली महिला और उसके पति बृजेन्द्र के नाम पर एक फाइनेंस बैंक में गिरवी रखकर गोल्ड लोन हासिल किया था। पूछताछ में जब उसने यह खुलासा किया तो फौरन एक टीम को दंपति की तलाश में भेजा गया,मगर दोनों के फोन बंद मिले,तो घर पर ताला लटक रहा था। माना जा रहा है कि मालिक की गिरफ्तारी के बाद ही दंपति फरार हो गए। हालांकि पुलिस टीम ने फाइनेंस बैंक में संपर्क कर लोन लिए जाने की तस्दीक कर ली है। इस सनसनीखेज वारदात में कथित होटल कारोबारी के तीन साथी भी फरार चल रहे हैं।

गौरतलब है कि आरोपी शिवाय रघुवंशी ने योजनाबद्ध तरीके से 12वीं की छात्रा की मां के इंस्टाग्राम पर लगातार मैसेज भेजकर उसे अपने जाल में फंसाया और फिर मिलने के बहाने नशीला जूस पिलाकर रीवा के अपने होटल में ले गया,जहां डरा-धमका कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया।इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने लाखों रुपए मांगे,जिस पर पीड़िता ने किसी तरह 4-5 लाख के गहने घर से चोरी कर आरोपी को दे दिए। इसी दौरान आरोपी ने दोबारा उसे नशीली चीज खिलाकर होटल के कमरे में तीन दोस्तों के साथ फिर से अश्लील हरकत कर वीडियो बनाते हुए डराया धमकाया, तो फोन भी छीन लिया, जिसके बाद छात्रा ने परिजनों को आपबीती सुनाई। तब जाकर मार्च के पहले सप्ताह में मामला पुलिस के संज्ञान में आया।




# मरघट से शक्तिपीठ तक: सतना की 'बड़ी खेरमाई' जहाँ मिट्टी में बसता है चमत्कार

**सतना।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर समूचा सतना शहर भक्ति के रंग में सराबोर है। शहर के हृदय स्थल में स्थित 'शक्तिपीठ बड़ी खेरमाई' मंदिर इन दिनों आस्था का मुख्य केंद्र बना हुआ है। लगभग 200 साल पुराने इस मंदिर का इतिहास जितना प्राचीन है,इसकी मान्यताएं उतनी ही विस्मयकारी हैं। यहाँ की मिट्टी के बारे में कहा जाता है कि इसमें आजभी चमत्कारों का वास है,यही कारण है कि यहाँ पहलवानों की ललकार से लेकर पीड़ितों की करुण पुकार तक,सब माँ के चरणों में आकर शांत हो जाती हैं।

### शमशान की राख से प्रकटी ममतामयी माँ

मंदिर के पुजारी अजय पांडा बताते हैं कि आज जहाँ श्रद्धा का सैलाब उमड़ता है,दो सदी पहले वह एक निर्जन शमशान हुआ करता था। कालचक्र बदला और वहां कुम्हारों ने अपने भट्ठे लगाने शुरू किए। इसी दौरान एक पीपल के वृक्ष के नीचे से माता की दिव्य प्रतिमा प्रकट हुई। कुम्हारों द्वारा शुरू की गई वह छोटी सी पूजा आज एक विशाल शक्तिपीठ का रूप ले चुकी है। भक्तों का मानना है कि माँ यहाँ 'नगर रक्षक' के रूप में विराजमान हैं।

### महामारी का अंत और अटूट विश्वास

बड़ी खेरमाई मंदिर से जुड़ी सबसे बड़ी मान्यता स्वास्थ्य को



लेकर है। जनश्रुति है कि दशकों पहले जब शहर में भीषण महामारी फैली थी और लोग असाध्य फोड़ों व बीमारियों से ग्रसित थे,तब माँ की मूर्ति पर चढ़ाए गए जल (चरणामृत) के स्पर्श मात्र से लोग चमत्कारिक रूप से स्वस्थ होने लगे थे। आज भी गंभीर रोगों से जूझ रहे श्रद्धालु यहाँ बड़ी संख्या में माथा टेकने आते हैं।

### आस्था और शक्ति का संगम: मंदिर का अखाड़ा

इस मंदिर की एक अनूठी पहचान यहाँ स्थित अखाड़ा है। यह शायद शहर का इकलौता ऐसा स्थान है जहाँ भक्ति और शक्ति का अद्भुत मेल दिखता है।युवा माँ के दर्शन के पश्चात



अखाड़े की मिट्टी में अपनी ताकत को निखारते हैं। माना जाता है कि माँ की कृपा से यहाँ अभ्यास करने वाले पहलवानों को विशेष बल प्राप्त होता है।

### मनोकामना पूर्ति का द्वार

रामनवमी और नवरात्रि के दौरान यहाँ का वैभव देखते ही बनता है। अखंड ज्योति की लौ और भजनों की गूंज से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो जाता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार,जिनकी गोद सूनी है या जिनके विवाह में बाधाएं आ रही हैं,वे यहाँ 'मन्नत का धागा' बांधते हैं और माँ कभी किसी को खाली हाथ नहीं लौटातीं। वर्तमान में मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। देर रात तक भक्तों की लंबी कतारें माँ के जयकारों के साथ उनकी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यदि आप सतना में हैं,तो इस सिद्ध स्थान की मिट्टी का तिलक लगाना और माँ का आशीर्वाद लेना आपके आध्यात्मिक सफर को पूर्णता प्रदान करेगा।

## मैहर में एक्सिस बैंक के बाहर से बाइक पार, असिस्टेंट मैनेजर की स्प्लेंडर ले उड़े चोर, सीसीटीवी फुटेज में वारदात

**मैहर।**

मैहर शहर के एक्सिस बैंक के बाहर से एक बाइक चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यह वारदात 11 मॉर्च की है। जहाँ बैंक में कार्यरत असिस्टेंट मैनेजर की मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े पार कर दिया। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद अब मैहर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार की देर शाम सामने आया है। जानकारी के अनुसार,फरियादी अभिषेक सेन 24 वर्ष, निवासी ग्राम नरहटी (उचेहरा),मैहर की एक्सिस बैंक शाखा में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। 11 मार्च को अभिषेक अपनी ड्यूटी पर आए थे।सुबह 9 बजे उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस MP19 ZB 8806 बैंक के बाहर खड़ी की और काम करने अंदर चले गए।दोपहर 3 बजे जब लंच टाइम में वे बाहर निकले,तो उन्हें अपनी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

चोरी की वारदात बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।अज्ञात चोर पहले आता है बाइक में पास खड़ा रहता है। इधर उधर देखते के बाद बाइक लेकर फरार हो जाता है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

पीड़ित ने इधर उधर तलाश की जब बाइक नही मिली तो पीड़ित ने 12 मॉर्च को थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैहर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और बैंक के आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसा: ट्रक की टक्कर से युवक की मौत



**सतना।** मैहर के नेशनल हाईवे 30 पर कुसेड़ी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश पटेल,निवासी गौरैया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

## मैहर में स्कूल प्राचार्य की संदिग्ध मौत,कमरे में अंदर से बंद मिला दरवाजा, पुलिस जांच में जुटी,मौत का कारण अज्ञात

**मैहर।** मैहर के उत्तर दरवाजा स्थित वार्ड नंबर 11 में संचालित सीमा स्कूल के प्राचार्य अनिल तिवारी (50 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अनिल तिवारी,पिता पवन तिवारी,मूल निवासी हनुमना (रीवा) थे और मैहर में ही रहकर सीमा स्कूल का संचालन करते थे। रोज की तरह बुधवार की सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे, लेकिन प्राचार्य स्कूल में नजर नहीं आए। जिस कमरे में वे रहते थे उसका दरवाजा अंदर से बंद था।

### सुबह नही खुला दरबाजा

बच्चों और स्कूल की एक शिक्षिका ने दरवाजा खटखटाया,लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद आसपास के और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति समेत लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद मोहल्ले के लोग छत के रास्ते खिड़की से कमरे के अंदर पहुंचे। वहां अनिल तिवारी संदिग्ध हालत में पड़े मिले। इसके बाद दरवाजा खोलकर उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मैहर में रहकर करते थे स्कूल का संचालन

बताया जा रहा है कि अनिल तिवारी घर में अकेले रहते थे और स्कूल का संचालन भी खुद ही करते थे। घटना की सूचना पुलिस ने उनके परिजनों को दे दी है।मैहर कोतवाली थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## एकेएस के विद्यार्थियों ने यूनिवर्सल केबल में जाना उद्योग का व्यावहारिक स्वरूप



**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना के प्रबंधन विभाग के बीबीए सिक्स्थ ऑनर्स के विद्यार्थियों ने यूनिवर्सल केबल का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक गतिविधि का समन्वयन डॉ.प्रकाश कुमार सेन और डॉ. सीमा द्विवेदी ने किया,जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान कंपनी के एचआर हेड मनोज कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को एचआर नीतियों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया। उन्होंने मास प्रोडक्शन और लॉट प्रोडक्शन के साथ गुणवत्ता नियंत्रण,असेंबलिंग लाइन,बैच प्रोडक्शन तथा जीरो डिफेक्ट जैसी अवधारणाओं को व्यावहारिक दृष्टि से समझाया। इसके पश्चात वरिष्ठ उत्पादन प्रबंधक शैलेन्द्र सोनी ने प्रोडक्शन प्रोसेस, मेज़रमेंट टेक्निक्स और इन्वेंटरी मैनेजमेंट पर विस्तृत जानकारी देते हुए उद्योग में दक्षता और सटीकता के महत्व को स्पष्ट किया।

# नरक बनीं बाजार की सड़कें: विकास की 'धूल' में दम तोड़ता व्यापार और आम जनजीवन

**सतना।** स्मार्ट सिटी बनने की राह पर अग्रसर सतना शहर आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले बाजार क्षेत्रों में सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कें आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी हैं। आलम यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली है,जिसका खामियाजा शहर के हजारों नागरिक और व्यापारी भुगत रहे हैं।

### धूल के गुबार से चौपट हुआ व्यापार

शहर के मुख्य व्यापारिक केंद्रों सिटी कोतवाली चौराहा,बिहारी चौक,स्टेशन रोड,लालता चौक,फूलचंद चौक और हनुमान चौक की स्थिति भयावह है। 24 घंटे उड़ने वाली धूल ने दुकानदारों का जीना मुहाल कर दिया है। कपड़ों और जनरल स्टोर की दुकानों में धूल की मोटी परत जम रही है,जिससे माल खराब हो रहा है। सबसे गंभीर स्थिति खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों की है;धूल के कण खाने-पीने की चीजों को दूषित कर रहे हैं,जो सीधे तौर पर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

### हर कदम पर हादसों को दावत

सड़कें इस कदर जर्जर और उबड़-खाबड़ हैं कि दोपहिया वाहन चालक तो दूर,पैदल चलने वालों को भी अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। शास्त्री चौक और जगत तालाब रोड के पास सड़क के नाम पर सिर्फ गहरे गड्ढे और मलबे के ढेर बचे हैं।

### रिक्शा और ठेला चालक

सबसे ज्यादा मार मेहनत-कश वर्ग पर पड़ रही है। ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर बोझ से लदे ठेले खींचना अब शारीरिक प्रताड़ना बन गया है।



### वाहनों की टूट-फूट

आए दिन इन गड्ढों में फंसकर छोटे-बड़े वाहन खराब हो रहे हैं,जिससे आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से आक्रोश

जनता में सबसे ज्यादा नाराजगी अपने प्रतिनिधियों को लेकर है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय जो नेता हाथ जोड़कर इन गलियों में पैदल घूमते थे,आज वे अपनी लग्जरी गाड़ियों के कांच चढ़ाकर इन समस्याओं से नजरें फेर लेते हैं। मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

### प्रशासनिक मौन पर सवाल

आखिर यह सड़कें कब बनेंगी? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? सीवर प्रोजेक्ट की कछुआ चाल और कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों को उनके हाल पर छोड़ देना नगरनिगम और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यदि जल्द ही इन सड़कों का डामरीकरण या मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ,तो व्यापारियों और नागरिकों का यह आक्रोश किसी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

-हमें समझ नहीं आ रहा कि यह निर्माण कार्य है या विनाश की प्रक्रिया। विकास के नाम पर हमें सिर्फ धूल और बीमारियां दी जा रही हैं।

**-एक स्थानीय दुकानदार**

शहर की मस्जिदों और मोहल्लों में जो रौनक़ें रमज़ान के आगाज़ से शुरू हुई थीं, अब विदाई

# अलविदा माहे रमज़ान: रुख़्सत हो रहा रहमतों का महीना, अकीदतमंदों के दिलों में छाई उदासी

सतना। इबादत,बरकत और मग़फ़िरत का मुक़द्दस महीना रमज़ान-उल-मुबारक अब अपने आख़िरी पड़ाव पर है। जैसे-जैसे ईद का चांद करीब आ रहा है,वैसे-वैसे खुदा के बंदों के दिलों में एक अजीब सी तड़प और जुदाई का एहसास गहराता जा रहा है। शहर की मस्जिदों और मोहल्लों में जो रौनक़ें रमज़ान के आगाज़ से शुरू हुई थीं,अब वे विदाई की पदचाप के साथ एक ख़ामोश उदासी में बदल रही हैं।

### अज़ीज़ मेहमान की तरह हो रही विदाई

मैत्री उन्नति कॉलोनी के निवासी मोहम्मद अल शागिल ने रमज़ान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए बताया कि यह महीना एक बेहद अज़ीज़ मेहमान की तरह होता है। उन्होंने कहा,रमज़ान के रुख़्सत होने की ख़बर से दिल में एक अजीब सी कसक और बोझ महसूस हो रहा है।ऐसा लग रहा है जैसे कोई रूहानी रहनुमा हमसे दूर जा रहा हो। यह वही मुक़द्दस महीना है जिसने हमारे घरों को क़ुरआन की तिलावत और मस्जिदों को तरावीह की रौशनी से सराबोर कर दिया था।

### सिर्फ़ भूख-प्यास नहीं,आत्म-सुधार का नाम है रोज़ा

अल शागिल के अनुसार,रमज़ान हमें सिर्फ़ भूखा और प्यासा रहना नहीं सिखाता,बल्कि यह सब्र (धैर्य), शुकर (कृतज्ञता) और तक़वा (परहेज़गारी) का बेहतरीन सबक़ है। इस महीने में इंसान अपने नफ़्स (अहंकार) पर काबू पाना सीखता है और ज़रूरतमंदों की मदद कर इंसानियत का सही अर्थ समझता है। यह आत्म-सुधार और गुनाहों से तौबा करने का वह सुनहरा अवसर है,जो हर मोमिन की ज़िंदगी को पाकीज़गी (पवित्रता) से भर देता है।

### आख़िरी लम्हों में दुआओं का दौर

जैसे-जैसे रमज़ान के दिन कम हो रहे हैं,इबादत गुज़ारों में एक बेचैनी बढ़ गई है कि न जाने अगला रमज़ान नसीब होगा या नहीं। शहर के अकीदतमंद अब ज़्यादा से ज़्यादा वक़्त दुआ और इस्तिग़फ़ार (माफ़ी) में गुज़ार रहे हैं। मोहम्मद अल शागिल बताते हैं कि हर जुबान पर बस यही दुआ है: ऐ अल्लाह! अगर इस रमज़ान में हमसे कोई कमी या कोताही रह गई हो,तो उसे अपने करम से माफ़ फ़रमा और हमारी इबादतों को क़बूल कर।

### रमज़ान का असली पैग़ाम: नेकी का सिलसिला जारी रहे

समाचार के अंत में उन्होंने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि रमज़ान की असली कामयाबी इस बात में है कि जो अच्छाइयाँ-जैसे नमाज़ की पाबंदी,सब्र और इंसानियत-हमने इस महीने में सीखी हैं,उन्हें पूरे साल और पूरी ज़िंदगी कायम रखें। ईद का चाँद जहाँ खुशियाँ लेकर आएगा,वहीं माहे रमज़ान की जुदाई का दर्द भी साथ लाएगा। लेकिन एक सच्चा मोमिन वही है जो रमज़ान के जाने के बाद भी नेकी की राह पर चलता रहे।

**खबर संक्षेप**

## थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, रात के सन्नाटे में सूना घर बना निशाना, ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाए गहने

**अमानगंज।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में चोरों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए, जहां सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झरकुआ कुदरा निवासी लक्ष्मी बाई अहिरवार ने अपने दामाद के साथ थाना पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं और बड़ा बेटा अपनी पत्नी के साथ मकर संक्रांति से पहले ही पंजाब मजदूरी करने चला गया था। घर में उनकी नातिन सपना थी, जो घर में ताला लगाकर अपनी बुआ के यहां जनकपुर चली गई थी। लक्ष्मी बाई ने बताया कि 17 मार्च की रात वह खाना खाकर सो गई थीं। सुबह करीब 5 बजे जब उनकी नींद खुली तो बड़े बेटे के घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर के बाहर आंगन में बैग पड़ा था और अंदर कमरे में सामान बिखरा हुआ था। पलंग पेटी का ताला भी टूटा हुआ था। घटना की जानकारी उन्होंने अपनी बहू पानबाई को फोन पर दी। बहू ने बताया कि पेटी में रखी करीब 500 ग्राम चांदी की करधनी, लगभग 300 ग्राम की चांदी की पायलें, चांदी की अंगूठी, बिछिया, चूड़ियां, मुंदरी, आधा तोला सोने की झुमकी सहित पीतल और कांसे के बर्तन रखे थे, जो अब गायब हैं। कुल मिलाकर करीब 75 हजार रुपए कीमत के गहने चोरी हो गए हैं। पीड़िता ने बताया कि बरामद होने पर उनकी बहू इन गहनों की पहचान कर सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## पड़ोसी विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महेबा में पुरानी रंजिश ने बुधवार सुबह उग्र रूप ले लिया, जब एक पड़ोसी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बंधौरा निवासी प्रेमलता शर्मा, जो पिछले दो वर्षों से अपने मायके ग्राम महेबा में रह रही हैं, ने अपनी बहन कुमकुम शर्मा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उनके घर के पास रहने वाले खुल्लू माली ने अपने मकान के सामने सड़क पर सीढ़ी बना ली थी, जिसका उनकी मां ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर आरोपी पहले से ही रंजिश रखता था। बुधवार सुबह करीब 6 बजे आरोपी ने उनके दरवाजे पर लात मारकर हंगामा शुरू कर दिया। जब प्रेमलता बाहर आईं, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर उन्हें पीठ में कई घूंसे मारे गए। शोर सुनकर उनकी बहन कुमकुम बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसे भी धक्का दे दिया। मौके पर मौजूद प्रमोद जोशी और बिट्टी जोशी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने दोबारा बहस करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मारपीट में प्रेमलता को पीठ में दर्द की शिकायत है, जबकि उनकी बहन को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, खाट से पटककर की मारपीट, जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडडयन (राजपूत) बाना में पुरानी रंजिश एक बार फिर हिंसा में बदल गई। सुबह-सुबह घर के बाहर सो रहे युवक पर दो लोगों ने हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष्णपाल सिंह (30) ने अपनी मां के साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के ही शिवराज सिंह और लल्लू सिंह से उनका पहले से विवाद चला आ रहा है। घटना बुधवार सुबह करीब 7 बजे की है, जब कृष्णपाल अपने घर के बाहर खाट डालकर सो रहे थे। तभी आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और खाट से नीचे पटक दिया। शोर सुनकर कृष्णपाल के भाई मुलायम सिंह और अर्जुन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने जाते-जाते दोबारा मिलने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मारपीट में कृष्णपाल को कोहनी, दाहिने हाथ के अंगूठे, बाएं घुटने और कमर में चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने मोहन्द्रा चौकी क्षेत्र में हुये अंधे हत्याकाण्ड का किया खुलासा

### रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना में आपसी विवाद में सास ने की थी बहू की हत्या आरोपी सास गिरफ्तार कब्जे से घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित कुदाली एवं घटना समय पहनी गई साड़ी जप्त



**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषन में पन्ना पुलिस द्वारा सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी मोहन्द्रा क्षेत्र में दिनांक 14.03.2026 को ग्राम पडवार में हुई 30 वर्शीय महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया गया है। दिनांक 14.03.2026 को फरियादी दयाराम साहू निवासी ग्राम पडवार द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि मेरी पत्नी नीता साहू घर के कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी है, जिसके सिर, माथे एवं होठ पर गहरी चोटो के निषान है पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना सलि पहुँचकर घटना सलि का बारीकी से निरीक्षण किया गया जो मौके पर फरियादी की पत्नी को मृत अवस्था में पाये जाने पर मामले में मर्ग कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि दीपक सिंह भदौरिया द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी तत्काल वरिश्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। मामले की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर तत्काल, स्पश्ट एवं विधि अनुरूप कार्यवाही हेतु एक विषेश पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु. अधि. पुलिस पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्षन एवं चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि दीपक सिंह भदौरिया के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये घटना सलि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना सलि से साक्ष्य संकलन एकत्रित किये गये साथ ही मौके पर एफ एस एल एवं डष्ण स्कावड टीम द्वारा पहुँचकर घटना सलि का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मृतिका का पोस्टमार्टम करवाया जाकर पी एम रिपोर्ट प्राप्त की गई। पीएम रिपोर्ट एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में अज्ञात आरोपियों की तलाष पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये एवं घटना सलि के आसपास रहने वाले एवं मृतिका के परिजनो के कथन लिये गये। मामले के संबंध में पुलिस टीम द्वारा संदेही को चिन्हित किया जाकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मृतिका की सास को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिसके द्वारा आपसी कहासुनी में विवाद बढ़ जाने से मृतिका को कुदाली मारकर हत्या करने की बात को स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपिया को गिरफ्तार किया जाकर आरोपिया के बताये अनुसार घटना में प्रयुक्त कुदाली को जप्त किया जाकर आरोपिया को माननीय न्यायालय पेष किया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपिया के बताये अनुसार आरोपिया के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित कुदाली एवं घटना समय पहनी गई साड़ी को जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उनि योगेन्द्र गायकवाड, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि दीपक सिंह भदौरिया, प्र.आर. ईदुल बक्स, रवि पाठक, सर्वेन्द्र कुमार, महिला आर. अंषिका ठाकुर, सैनिक चन्द्रकिषोर बागरी, आर. चालक अखिल षुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।



# कलेक्टर ने कचरा प्रसंस्करण केन्द्र का किया लोकार्पण

**पन्ना।**



कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को बायपास रोड स्थित गौशाला के निकट नगर पालिका परिषद पन्ना के कचरा प्रसंस्करण केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रसंस्करण केन्द्र में कचरा पृथक्करण व निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी लेकर इसे पर्यावरण सुरक्षा व कचरा प्रबंधन की दिशा में कारगर कदम बताया। साथ ही कहा कि यह प्रयास नगर की स्वच्छता के लिए भी महत्वपूर्ण है। जिला कलेक्टर ने मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी की अवधारणा पर केन्द्रित कचरा प्रसंस्करण केन्द्र परिसर का अवलोकन भी किया। गौरतलब बात यह है कि कचरा बायपास मार्ग में जो अपने आप में पन्ना की इस धरा में कहीं न कहीं स्वयं ही चुनौती बनी हुई थी जिसको लेकर कलेक्टर ऊषा परमार ने अपने पन्ना जिले का पदभार संभालते ही संवेदनयषीलता के साथ संज्ञान में लिया था जिस पर कहीं न कहीं आज सुधार की दिषा तय होने का यह समय कह सकते है। जब जिला प्रषासन के मुखिया की सोच इस तरह से सामने आती है तभी तो जिले में बेहतर प्रगति के आयाम तय किये जाने को लेकर स्वयं ही समय बयां करता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, पार्षदगण, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सीएमओ उमाशंकर मिश्रा सहित एसबीआई फाउंडेशन टीम तथा एनजीओ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# जे.के. सीमेन्ट कंपनी का नाम एक बार फिर मजदूर की मौत से जुड़ा

### मृतक सुभाष गुप्ता की मौत हाइड्रा क्रेन से बताई जाती है वैसे कंपनी में ठेकेदार के द्वारा जो कार्य कराये जाते है उस क्रेन से या कंपनी की क्रेन मजदूर की मौत

**पन्ना।**



जे.के. सीमेन्ट कंपनी में विगत दिवस हाइड्रा क्रेन के गिरने से एक सुभाश गुप्ता नामक मजदूर की मौत घटना सलि पर ही हो जाने की खबर सुर्खियों में आई है। वैसे तो कंपनी के अंदर यह मजदूर है या कि ठेकेदार के द्वारा जो मजदूर लाये जाते है उनमें से मामला चाहे जो हो पर मौत सुभाश गुप्ता पिता मेवालाल गुप्ता उम्र 38 वर्श जो कि निवासी मुकुंदपुर इलाहाबाद उ0प्र0 का बताया गया है। षोसल मीडिया में एक बार फिर जे.के. सीमेन्ट कंपनी का नाम मजदूर की मौत को लेकर चर्चा में आया अब सवाल यह उठता है कि मजदूर की मौत कैसे हुई। तो सूत्रों की मानें तो हाइड्रा क्रेन के गिरने से मजदूर की मौत को लेकर चर्चायें व्याप्त है। यहां इस तरह की घटनायेंज ब घटित हो जाती है तो इसको लेकर कंपनी के द्वारा अपनी जानकारी साझा नहीं की जाती वहीं कंपनी के ऊपर ही आरोप प्रत्यारोप तत्काल ही चर्चा में आ जाते है सच्चाई तो घटना सलि में घटना घटित होने पर ही कहीं न कहीं स्वतः चर्चा का विशय बन जाती कवे यहां सुभाश गुप्ता की मौत जो स्वमेव ही विगत दिवस से षोसल मीडिया में चर्चा का विशय है वहीं कंपनी के ऊपर भी जहां कार्य प्रणाली को लेकर सवाल उठने लगते है जबकि घटना घटित होने के बाद सच्चाई को लेकर जो पड़ताल की गई यहां सूत्रों के हवाले से ही किसी ठेकेदार के द्वारा जो मजदूर लाये जाते है कार्य कराने को लेकर उसी में से सुभाश गुप्ता का नाम चर्चा में है। मृतक की मौत के बाद परिजन स्वयं ही इस मामले में आगे क्या तय करेंगे वहीं मृतक को असमायिक मौत हो जाने के बाद पीड़ति परिवार को क्या तय होगा यह भी अभी सवाल ही है क्योंकि ठेकेदार का व्यक्ति होने से मृतक के परिवार को मौत होने के बाद भी किस तरह से लिया जायेगा यह भी अभी विवेचना के बाद ही स्पश्ट होगा फिलहाल तो विगत दिवस सुभाश गुप्ता की मौत होने के बाद जिला मुख्यालय में पीएम होने की कार्यवाही की गई वहीं पुलिस मामले की पड़ताल स्वयं ही करने के बाद खुलासा क्या करती है यह भी कुछ समय बाद ही सामने आयेगा।

# नव वर्ष अभिनंदन समारोह आज, श्री प्राणनाथ मंदिर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**पन्ना।**

नगर में नव वर्ष के षुभ अवसर पर धार्मिक आस्था एवं उल्लास का वातावरण निर्मित होने जा रहा है। श्री विजय अभिनंदन बुद्ध की षाखा द्वारा नव वर्ष अभिनंदन समारोह 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, पांच पद्मावती धाम पन्ना के तत्वावधान में सम्पन्न होगा।

### धार्मिक कार्यमों की रहेगी श्रृंखला

आयोजन के अंतर्गत प्रातःकाल विषेश पूजा-अर्चना, मंगल पाठ, आरती एवं भजन-कीर्तन के कार्यम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक प्रवचन भी रखे गए हैं, जिनमें आध्यात्मिक जीवन और नव वर्ष के महत्व पर प्रकाष डाला जाएगा। श्री प्राणनाथ चौक पर ध्वजारोहण एवं प्रसाद वितरण कार्यम प्रतिवर्ष की तरह आयोजित होगा, रात्रि 8रू00 बजे से बौद्धिक एवं सांस्कृतिक



कार्यम श्री प्राणनाथ जी मंदिर में आयोजित होंगे।

### हरिद्वार कुंभ के ऐतिहासिक प्रसंग भी होगा स्मरण

कार्यम में विषेश रूप विक्रम संवत 1735 (सन1678 ई.) का देवभूमि हरिद्वार में आयोजित पवित्र कुंभ मेला के दौरान महामति श्री प्राणनाथ जी का पदार्पण हुआ और चारों संप्रदायों, दसनाम सन्यासियों, शटदर्षनियों सहित विभिन्न धर्माचार्य से षास्त्रार्थ मैं विजय प्राप्त हुई। महामति श्री प्राणनाथ जी द्वारा अपौरुशेय महेश्वर तंत्र में पूर्व से उल्लेखित निजानंद संप्रदाय- पद्धति की व्याख्या की गई। उनके तारतम्य ज्ञान से अविभूत होकर सभी आचार्यों द्वारा उन्हें विजयाभिनंद बुद्ध निश्कलंकावतार स्वरूप घोशित किया गया था। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, उस समय संत-समाज एवं विषाल श्रद्धालु समूह की उपस्थिति में आध्यात्मिक चेतना का व्यापक संदेष दिया गया था, जिसने अनुयायियों में आस्था और भक्ति को नई दिषा प्रदान की। महामती श्री प्राणनाथ जी ने विक्रम संवत 1740 में पन्ना पधार कर श्री पंच पद्मावती पुरी धाम श्मुक्ति पीठश की सापिना की।

### आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने का उद्देष्य

आयोजन समिति के अनुसार, नव वर्ष अभिनंदन समारोह का मुख्य उद्देष्य इसी आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाना तथा समाज में सद्भाव, संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कवे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यम को सफल बनाएं एवं धर्म लाभ प्राप्त करें।

# अजयगढ़-पन्ना-दमोह रोड को नेशनल हाईवे बनाने की मांग पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

**पन्ना ।**

पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में सड़क नेटवर्क के विस्तार और उन्नयन को लेकर कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पन्ना विधानसभा क्षेत्र की जर्जर और प्रमुख सड़कों के उन्नयन एवं निर्माण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।इसके साथ ही उत्तर प्रदेश बॉर्डर के कालिंजर से अजयगढ़दृपन्नादृदमोह मार्ग को केंद्रीय सड़क निधि (ब्मदजतंस त्वंक थ्नदक - ब्त्थ्) मद के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इस रोड के नेशनल हाईवे बनने से मध्यप्रदेश



और उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, साथ ही व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा।विधायक ने बताया कि पन्ना क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। बेहतर सड़क सुविधा मिलने से पन्ना टाइगर रिजर्व, कालिंजर किला सहित अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए उन्हें प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने विश्वास जताया कि सीआरएफ के तहत सड़क विकास और प्रस्तावित नेशनल हाईवे परियोजना के पूर्ण होने से पन्ना विधानसभा क्षेत्र में आवागमन, व्यापार, कृषि और पर्यटनकृसभी क्षेत्रों में व्यापक विकास होगा और क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।



# देवेंद्रनगर कृषि उपज मंडी में नीलामी हुई शुरू, व्यापारियों को नोटिस जारी

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज की नीलामी को लेकर लंबे समय से उठ रही शिकायतों के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आ गया है।लगातार खबरों के प्रसारण के बाद मंडी प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए नीलामी प्रक्रिया को शुरू करवा दिया है। मंडी सचिव ने व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुबह 8रू00 बजे से कोई भी व्यापारी अपनी दुकान या गोदाम में सीधे किसानों से खरीदी नहीं कर सकेगा।जब तक मंडी में नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं होती। मंडी परिसर में किसानों की उपज की नीलामी अनिवार्य रूप से की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को किसानों के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से व्यापारी मंडी के बाहर या अपनी दुकानों पर खरीद कर रहे थे, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि इस मुद्दे को लेकर लगातार खबरें सामने आने के बाद प्रशासन की नींद टूटी और अब व्यवस्था सुधारने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, अब यह देखना बाकी है कि यह नीलामी व्यवस्था कितने दिनों तक नियमित रूप से जारी रहती है या फिर कुछ दिनों बाद फिर से पुरानी स्थिति बन जाती है। किसानों और आम लोगों की नजर अब मंडी प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# विधानसभा क्षेत्र में आवागमन, व्यापार, कृषि और पर्यटन-सभी क्षेत्रों में व्यापक विकास होगा और क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी

**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वन विभाग के लिए गौरव का क्षणरू नई दिल्ली के 'भारत ट्राइब्स फेस्ट' में कल्दा वन धन विकास केंद्र कर रहा मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली में 18 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित "भारत ट्राइब्स फेस्ट (आदि महोत्सव)" में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के कल्दा वन धन विकास केंद्र (टक्टज्ञ) का चयन मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया है। यह दक्षिण पन्ना वन विभाग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कल्दा वन धन केंद्र द्वारा इस आयोजन में चिरौंजी, प्राकृतिक शहद एवं महुआ लड्डु जैसे प्रमुख उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अतिरिक्त आंवला आचार,



त्रिफला चूर्ण, दहीमन, सूखा आंवला, बाल हर्रा तथा बहेड़ा छिलका जैसे विविध लघु वनोपज आधारित उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वन धन विकास केंद्र द्वारा उत्पादों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी उत्पादों का परीक्षण एफएसएसएआई मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में कराया गया है, जिसमें उनकी शुद्धता एवं पोषण गुणवत्ता प्रमाणित हुई है। साथ ही, आधुनिक विपणन रणनीतियों के माध्यम से इन उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जनजातीय उत्पादों को व्यापक पहचान मिल रही है। यह पहल केवल उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं पोषक वन उत्पाद उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय जनजातीय समुदाय की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सफलता में कल्दा परिक्षेत्र अधिकारी परिवेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में वनरक्षक सूर्य प्रताप बघेल, वन धन केंद्र सचिव जग बहादुर सिंह गोंड एवं केंद्र के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा है। साथ ही, स्टॉल/प्रदर्शनी को अधिक आकर्षक बनाने हेतु रैपुरा रेंज अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट ग्राफिक्स डिज़ाइनिंग की गई है। निकट भविष्य में दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा इन उत्पादों को जिलेवासियों तक सुलभ रूप से उपलब्ध कराने हेतु पन्ना, पवई एवं शाहनगर में रिटेल आउटलेट स्थापित करने की योजना भी प्रस्तावित है। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर जनजातीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाएगी, बल्कि वन आधारित आजीविका को सुदृढ़ कर क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप



### दिनदहाड़े व्यापारी से मारपीट कर लाखों की लूट, इलाके में दहशत

छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार बारीगढ़ के एक व्यापारी उमेश शिवहरे के साथ अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर करीब तीन लाख रुपये लूट लिए। घटना महोबा रोड स्थित इटवा तिगैला से मेन रोड पर करीब 250 मीटर आगे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि व्यापारी उमेश शिवहरे अपने काम से जा रहा था, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोककर हमला कर दिया और उसके पास मौजूद नगदी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद घायल व्यापारी को तत्काल लवकुशनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही लवकुशनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### फाइनेंस कंपनी की साठगांठ से बाइक छीनकर बेचने का आरोप, एसपी से शिकायत




छतरपुर। बमीठा थाना क्षेत्र के ओंटापुरवा निवासी हरि पाल तनय पन्नालाल पाल (30 वर्ष) ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन सौंपकर बाइक छीने जाने का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन में बताया कि उसने लगभग 3 वर्ष पहले हिन्दुजा फाइनेंस कंपनी से 20 हजार रुपए डाउन पेमेंट कर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (एमपी 16 जेडए 2974) फाइनेंस पर ली थी और 3540 रुपए की मासिक किश्त नियमित रूप से जमा करता रहा। पीड़ित के अनुसार अब वाहन की कोई किश्त बकाया नहीं है। इसके बावजूद 10 मार्च को सटई बाजार चौराहे पर पप्पू पटेल एवं शिवम पटेल ने उसे रोककर बकाया राशि का बहाना बनाते हुए जबरन उसकी बाइक छीन ली। हरि पाल ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने फाइनेंस कंपनी से मिलीभगत कर उसकी मोटरसाइकिल बेच दी। पीड़ित ने एसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### भगवा ध्वज के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ, आज से बाइक रैली भी निकलेगी



छतरपुर। शहर में राम भक्तों द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी के दूसरे दिन बुधवार को उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। बुंदेलखंड विकास निधि बैंक के विकास चतुर्वेदी, पार्षद सुशील शिवहरे, भाजपा नेता अभिषेक खरे अब्बी, कांग्रेस नेता सनत गुरुदेव, कपिल कुड़ेरिया एवं संतोष ताम्रकार ने भगवा ध्वज दिखाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राम भक्त शंख, मंजीरे, झालर और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ भगवान श्रीराम के भजन गाते हुए नगर भ्रमण करते रहे। प्रभात फेरी चौक बाजार से प्रारंभ होकर मां अन्नपूर्णा मंदिर, गल्ला मंडी, शुक्लाना मार्ग, शिल्पशाला मार्ग, कछयाना मार्ग होते हुए सरानी दरवाजा से पुनः चौक बाजार पहुंचकर संपन्न हुई।

### बकस्वाहा में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला का हुआ आयोजन



छतरपुर। जिला प्रशासन के निर्देशन में बुधवार को युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में किया गया। जिसमें कुल 328 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। जिसमें यशस्वी स्किल लिमिटेड द्वारा 33, श्री श्याम इंटरप्रासेज प्रा. लि. द्वारा 52, वर्धमान यार्न मण्डीदीप द्वारा 70, आई सेक्ट छतरपुर द्वारा 46, संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. द्वारा 40, स्पेक्ट्रम टेलेंट मेनेजमेंट प्रा. लि. द्वारा 32, तासी प्रा. लि कम्पनी द्वारा 5, कुल 278 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

## डिलीवरी में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, शिकायत के बाद तत्काल कार्रवाई

# कृपालु इंडेन गैस एजेंसी की जांच, तहसीलदार पहुंचीं मौके पर

छतरपुर।

**शहर के सागर रोड स्थित कृपालु इंडेन गैस एजेंसी में बुधवार को नायब तहसीलदार आस्था चौबे और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई कलेक्टर की जनसुनवाई में प्राप्त एक उपभोक्ता शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें शिकायतकर्ता ने समय पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी न होने की शिकायत दर्ज की थी।**



शिकायतकर्ता ने बताया था कि डिलीवरी में लगातार देरी के कारण उसके घर में खाना बनाने तक की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार आस्था चौबे स्वयं मौके पर पहुंचीं और एजेंसी के रिकॉर्ड, वितरण व्यवस्था तथा स्टॉक की विस्तृत जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डिलीवरी सिस्टम की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और एजेंसी के कर्मचारियों से पूछताछ की। स्थानीय लोगों के अनुसार जांच के दौरान अधिकारियों को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

हालांकि अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है। शिकायतकर्ता को तत्काल गैस सिलेंडर की डिलीवरी करवा दी गई है। प्रशासन ने एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यदि आगे भी ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज होगा जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### 19 मार्च से 30 जून तक चलेगा अभियान

### प्रभारी कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए

छतरपुर। राज्य शासन के निर्देशन में प्रदेश भर 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जल संवर्धन, जल संरक्षण, संग्रहण एवं जल स्त्रोतों और संरचनाओं में स्वच्छता से जुड़े कार्य किए जाएगें। छतरपुर जिले में भी प्रभारी कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया के निर्देशन में अभियान का 19 मार्च से शुभारंभ होगा। प्रभारी कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान में बेहतर गतिविधि करने के लिए निर्देश जारी किए है। जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में जनसमुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के साथ होगा। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विभाग नोडल एवं नगरीय प्रशासन सह नोडल होंगे। अभियान में नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत एवं नवीनीकरण, जल गुणवत्त परीक्षण, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर का कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने और मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। संपूर्ण अभियान समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान में 30 जून तक संबंधित विभागों को अभियान में भागीदारी करने लक्ष्य निर्धारित कर निर्देश जारी किए हैं। जिसमें जल संसाधन, कृषि, जन अभियान परिषद्, उद्यानिकी, पीएचई, नगरीय निकाय, महिला बाल विकास, डीआईसी, राजस्व, उच्च शिक्षा आदि विभाग सहभागिता करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत खेत तालाब, अमृत सरोवर एवं डगवेल रिचार्ज, वाटरशेड विकास 2.0 में जल संरक्षण व संवर्धन, शासकीय तालाबों को स्व सहायता समूहों से जोडना, परंपरागत जल संरचनाओं की मरम्मत व नवीनीकरण, तालाबों व चेकडेम तथा स्टॉपडेम की जन सहयोग से डीसिल्टिंग करना, निकाली गई गाद को कृषकों को उपलब्ध कराना, गांवों में ग्रे वाटर प्रबंधन, स्थलों पर ट्रेंच का निर्माण, जन सहायोग से पेय जल सुविधा आदि कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं नगरीय निकायों में अमृत 2.0 के तहत जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, तालाबों, नदी व बावडियों का संवर्धन व अतिक्रमण मुक्त कराना, नालियों की साफ-सफाई, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, हरित क्षेत्र विकास, पेयजल सुविधा व जनभागीदारी सुनिश्चित करना आदि एवं वन विभाग को भूजल संवर्धन कार्य सहित अन्य गतिविधियां करने के निर्देश दिए गए है।

# अवैध घोषित हुए 46 प्रोजेक्ट्स, एफआईआर की तैयारी

छतरपुर।



छतरपुर जिले में बिना अनुमति और नियमों को ताक पर रखकर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी घेराबंदी शुरू कर दी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा की अनिवार्य अनुमतियों के बिना चल रहे प्लॉटिंग प्रोजेक्ट्स को जिला प्रशासन ने अवैध घोषित कर दिया है। ताजा जांच के बाद लगभग 46 कॉलोनियों पर अवैध की मुहर लग चुकी है, जिससे भू-माफियाओं और रसूखदार कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

### जांच के घेरे में 100 से ज्यादा शिकायतें

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध प्लॉटिंग और धोखाधड़ी की 100 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय और कलेक्टर न्यायालय में चल रही सुनवाई के बाद अब तक 46 कॉलोनियों को चिन्हित कर अवैध करार दिया गया है। हाल ही में 4 नए मामलों में से 2 को तत्काल प्रभाव से अवैध घोषित किया गया है, जबकि अन्य मामलों में अपील और सुनवाई की प्रक्रिया जारी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों तक फैला अवैध कारोबार

यह कार्रवाई केवल शहर तक सीमित नहीं है। प्रशासन ने ग्रामीण अंचलों में भी पैनी नजर रखी है। सरानी, धमोरा, चंद्रपुरा, गुरैया, पलोठा, मुवासी, मोराहा, बगौता, ढडारी, गौरगांव, पठापुर, बरकोंहा और गठेवरा जैसे गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनियों की जांच की जा रही है। नियमों के मुताबिक, किसी भी प्रोजेक्ट के लिए नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग और आरईएस सहित कई विभागों की एनओसी अनिवार्य है, जिसका पालन नहीं किया गया।

### साठगांठ के आरोप और प्रशासनिक चुनौतियां

एक तरफ जहाँ प्रशासन सख्त कार्रवाई का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर विभागीय कर्मचारियों और भू-माफियाओं के बीच साठगांठ की खबरें भी सुर्खियां बटोर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि कई रसूखदारों की फाइलें महीनों से अधिकारियों की टेबल पर धूल खा रही हैं। इस सुस्त प्रक्रिया के कारण अवैध निर्माण को फलने-फूलने का मौका मिल रहा है। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और दोषियों पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### निवेशकों के लिए चेतावनी

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि जीवन भर की कमाई किसी भी प्लॉट या मकान में लगाने से पहले उसके वैध दस्तावेजों की बारीकी से जांच करें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करने पर न केवल प्रशासन द्वारा तोडफ़ोड़ की जा सकती है, बल्कि भविष्य में वहां मूलभूत सुविधाओं (बिजली-पानी-सड़क) का मिलना भी असंभव होगा।

# नर्सिंग छात्रों ने कलेक्टर से आईएनसी मान्यता और छात्रवृत्ति को लेकर की शिकायत

### छतरपुर में स्वामी विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन, भविष्य अधर में लटकने की चिंता

छतरपुर।



बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे स्वामी विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी गंभीर समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई। छात्रों ने कलेक्टर से अपील की कि उनके कॉलेज को अभी तक इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता नहीं मिली है, जबकि जिले के अन्य नर्सिंग कॉलेजों को यह मान्यता प्राप्त हो चुकी है।

विद्यार्थियों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा द्बहष्ट मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस कारण उनका शैक्षणिक प्रमाणपत्र और भविष्य दोनों खतरे में पड़ गए हैं। छात्रों ने बताया कि मान्यता न मिलने से उनकी डिग्री की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं और नौकरी के अवसर भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा छात्रों ने छात्रवृत्ति के मुद्दे पर भी गंभीर शिकायत की। उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक छात्रवृत्ति का कोई लाभ नहीं मिला है, जबकि जिले के अन्य नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों को इसकी राशि मिल चुकी है। कई दिनों से कॉलेज प्रबंधन से इस संबंध में शिकायत और मांग रखी जा रही है, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मजबूर होकर छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर से सीधे हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई।

## 5 साल की गारंटी वाली प्रधानमंत्री सडक 2 साल के भीतर हुई चिथडे चिथडे

### खजुराहो के जटकरा से कुंदरपुरा मार्ग के हाल हुए बदहाल

खजुराहो।



मोदी सरकार चाहे जितने प्रयास विकाश योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास कर रही हो,लेकिन इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों की जगह भ्रष्टाचारियों को ज्यादा हो रहा है। बात विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के चंदेलकालीन चतुर्भुज मंदिर जटकरा से आदिवासी ग्राम कुंदरपुरा के बीच प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए की राशि से 5 वर्ष की गारंटी वाला डामरीकरण करके बनाया गया सड़क निर्माण 2 वर्ष भी नहीं चल सका और मार्ग के जगह जगह से चीथड़े उड़ गए,ग्रामीणों के अनुसार निर्माण के कुछ समय बाद से ही मार्ग जर्जर होना शुरू हो गया था। उक्त सड़क महज दो साल के भीतर ही अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही है। पांच साल की गारंटी वाली यह सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और गिट्टियां बाहर निकल आई हैं, जिससे ग्रामीण और पर्यटक राहगीरों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि आज यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन खराब हालत के कारण आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। खासकर रात के समय यह मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है, जहां गहरे गड्ढों में वाहन फंस जाते हैं और दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण चाहते हैं कि सड़क निर्माण में हुई लापरवाही की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए,ताकि आम जनता को राहत मिल सके। पहले ये सड़क मंडी में थी कुछ समय पूर्व हमारे विभाग के पास आई थी जिस पर हमने लगभग एक-दो साल पहले डामरीकरण करवाया था।

वर्तमान में रेलवे का काम शुरू हुआ है भारी वाहन गिट्टी, मुरम लेकर निकलते हैं, जिससे ये सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। हमने कलेक्टर को जानकारी देकर रेलवे विभाग को पत्र लिखा है उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया है, अभी कार्यवाही का इंतजार है।

**राजीव पाठकसब इंजीनियर, ब्लॉक राजनगर एमपीआरआरडीए**

## पुलिस ने 18 साल पुराने चोरी-धोखाधड़ी के आठ हजार के इनामी फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



छतरपुर।

थाना गौरिहार पुलिस ने जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान के तहत 18 साल पुराने एक चोरी और धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार चल रहे 8000 के इनामी वारंटी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार थाना गौरिहार क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2008 का एक प्रकरण था, जिसमें चोरी और धोखाधड़ी के आरोप में आरोपी फरार चल रहा था। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने गहन जांच और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी जितेंद्र कुमार अवस्थी पुत्र श्याम बिहारी अवस्थी, निवासी सर्राफापुरा तिवारी मोहल्ला, महोबा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस सफल कार्रवाई में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक रूप नारायण पटेरिया की अगुवाई वाली टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र मरकाम, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शुक्ला, प्रधान आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक अखिलेश मिश्रा, अमित शर्मा, शंकर पटेल, महेंद्र सचान, विकास सिंह, काशीराम तथा साइबर टीम के सदस्य शामिल रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता-वर्धक प्रशिक्षण आयोजित

लवकुशनगर।



ब्लॉक लवकुशनगर अंतर्गत सेक्टर मुंडेरी के ग्राम पंचायत भवन मढ़ा में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, छतरपुर के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था योगिता शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमता-वर्धक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।<प्रशिक्षण में सेक्टर के मुंडेरी, सिजई, पटना, हिडोरावारी एवं लवराहा ग्रामों की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी तथा नवांकुर सखियाँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मढ़ा के सरपंच श्री हरदयाल बंसल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री रामकिशोर पाल ने शिरकत की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कृषि विभाग से आए श्री राजवीर भदौरिया ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जैविक खेती के महत्व, इसके लाभ और व्यावहारिक तरीकों के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। ब्लॉक समन्वयक अनिल निगम ने प्रतिभागियों को रिकॉर्ड संधारण, एमआईएस फीडिंग तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रशासनिक कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। परामर्शदाता रामरूप द्विवेदी ने उपस्थित सदस्यों को समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर मार्गदर्शन करते हुए समाज में जनभागीदारी के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में नवांकुर संस्था के समन्वयक सूरज त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रशिक्षकों और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

खबर संक्षेप

## रीवा विमान सेवा के लिए छत्तीसगढ़ में निवासरत विंध्यवासियों ने उप मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से स्टेट गेस्ट हाउस रायपुर में छत्तीसगढ़ में निवासरत विंध्य क्षेत्र के नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित विंध्यवासियों ने रीवा–रायपुर विमान सेवा प्रारंभ किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस विमान सेवा के प्रारंभ होने से विंध्य क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के बीच आवागमन अत्यंत सुगम हो गया है, जिससे विंध्यवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उपस्थित विंध्यवासियों ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल के नेतृत्व में विंध्य क्षेत्र तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## होम डिलीवरी की जगह घरेलू गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लंबी कतार व्यवस्था पर सवालिया निशान : अजय खरे

**रीवा**। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि होम डिलीवरी की जगह घरेलू गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लंबी कतार व्यवस्था पर सवालिया निशान हैं। परंपरागत ईंधन साधनों की जगह बड़े पैमाने पर ईंधन विदेशी निर्भरता से आत्म निर्भर भारत के दावे खोखले नज़र आ रहे है। अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले और जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया के युद्ध क्षेत्र बन जाने से भारत में जगह जगह ईधन गैस के लिए लंबी कतारें और मारामारी दिखाई दे रही है। गैस बुकिंग की समय सीमा बढ़ाने के बाद भी आपूर्ति का संकट बरकरार है। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने एक अपील में कहा है कि घबराएं नहीं अफवाहों से बचें घर पर ही मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। पेट्रोलियम मंत्रालय के द्वारा देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद होने का दावा करने के बाद भी अराजक हालात निर्मित होना व्यवस्था पर सवाल पैदा करता है। ऐसी स्थिति में सिलेंडरों की कालाबाजारी होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बुकिंग के बाद भी समय पर ईधन गैस नहीं मिलने से हर कोई परेशान है। उम्र के अंतिम पड़ाव में वरिष्ठ नागरिक ऐसी हालत में नहीं कि वे सिलेंडर लेकर लंबी लाइन का सामना कर सकें। लम्बी लाइन में लगने पर जिन लोगों को सिलेंडर मिल रहा है, उनसे होम डिलीवरी का अतिरिक्त शुल्क भी वसूला जा रहा है। देखने को मिल रहा है कि खाना पकाने के लिए लोग सिलेंडर की अधिक से अधिक कीमत भी चुकाने के लिए मजबूर हैं।

### कलेक्टर ने एचपीवी टीका लगवाने वाली किशोरियों और उनके अभिभावकों से किया संवाद

# एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है - कलेक्टर

**रीवा** । जिले भर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के टीके लगाए जा रहे हैं। टीके लगाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ में एचपीवी टीकाकरण का जायजा लिया। कलेक्टर ने टीके लगवा रही किशोरियों से एचपीवी वैक्सीन लगाने के संबंध में चर्चा की। इसके बाद कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में टीका लगाने के लिए आई किशोरियों तथा उनके अभिभावकों से संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय एचपीवी वैक्सीन है। इसका टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। मैंने स्वयं भी इसका टीका किशोरावस्था में लगवाया है। इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं हुआ है। कलेक्टर ने किशोरियों से चर्चा करते हुए कहा कि एचपीवी टीका लगवाने से डरें नहीं। जिले में अब तक बड़ी संख्या में किशोरियों ने इसके टीके लगवाए हैं। एचपीवी वैक्सीन के संबंध में सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक सूचनाएं दी जा रही हैं। सभी बच्चे और उनके अभिभावक मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं। इसमें गूगल में एचपीवी टीका लगाने के लाभ को सर्च करें। टीकाकरण के संबंध में सभी सही तथ्य आपको मिल जाएंगे। टीकाकरण के संबंध में



अफवाहों पर ध्यान न दें। जन्म लेने के तुरंत बाद बच्चे को टीके लगाए जाते हैं। छोटे बच्चों को वीसीजी, डीपीटी सहित कई टीके लगते हैं। पोलियो वैक्सीन की दवा सभी बच्चों को देने के कारण 2011 से देश से पोलियो का उन्मूलन हो गया है। वैज्ञानिक शोध और डॉक्टरों के परीक्षण के बाद वैक्सीन लगाई जाती है। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसे घातक रोग से बचाव के लिए निःशुल्क लगाई जा रही है। बिना किसी भय के 14 और 15 वर्ष की सभी किशोरियां एचपीवी टीके लगवाएं।

कलेक्टर ने इसके बाद ओपीडी तथा अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाँच के लिए आई गर्भवती महिला रूबिया बानो के स्वास्थ्य की जाँच कराई। उन्होंने महिला का एएनसी चेकअप कार्ड का निरीक्षण किया। जाँच के बाद महिला का हीमोग्लोबिन 8.8 पाया गया। कलेक्टर ने गर्भवती महिला के साथ आई उनकी सास को बहू के उचित खान-पान और आयरन की गोलियाँ नियमित देने की समझाइश दी। कलेक्टर ने कहा कि अपने और अपनी भावी संतान को स्वस्थ रखने के लिए ताजा और पौष्टिक भोजन करें। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार नियमित दवाई लें। अपने हीमोग्लोबिन और ब्लडप्रेशर की नियमित जाँच कराते रहें। कलेक्टर ने डॉक्टरों को भी गर्भवती महिलाओं की समय पर नियमित जाँच के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, डीपीएम ज्ञानेन्द्र मिश्रा, डीएचओ डॉ. केबी चौधरी, जनपद के सीईओ प्रदीप दुबे, बीएमओ तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चना, मसूर के उपार्जन के लिए वेयर हाउस में खरीदी केन्द्र बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें - कलेक्टर



### भावान्तर के तहत सरसों फसल के सत्यापन के लिए मंडियों में दल गठित करें

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रबी उपार्जन के लिए समितियों से निर्धारित उपार्जन केन्द्रो में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण करते हुए वेयर हाउस में भी बनाये जाने वाले खरीदी केन्द्रों की सूची अद्यतन कर खरीदी के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्र का निर्धारण की प्रक्रिया में इस बात का ध्यान रखा जाय कि जिले का सभी क्षेत्र कवर हो सके। उन्होंने कहा कि चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए प्रत्येक तहसील में वेयर हाउस में अलग से खरीदी केन्द्र बनाया जांय। कलेक्टर ने भावान्तर के तहत सरसों फसल के सत्यापन के लिए मंडियों में दल गठित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में बारदानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार गठानों की शासन स्तर से मांग की जाय। बैठक में खाद उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि किसानों द्वारा अग्रिम भण्डारण कर खाद उठाई जा रही है। कलेक्टर ने बड़े किसानों द्वारा ली गयी खाद की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चर्चित केके कार बाजार के मालिक को गोली मारने वाले को सत्र न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**रीवा**। शहर में चर्चित केके कार बाजार संचालक पर फायरिंग प्रकरण में सत्र न्यायालय ने आरोपी रेहान खान को दोषमुक्त कर दिया है। बता दे मामला 23 जुलाई 2024 की रात का है, जब केके कार बाजार के संचालक कादिर खान पर जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस थाना विश्वविद्यालय के अनुसार, घटना के समय कादिर खान अपने कार्यालय से फॉर्च्यूनर कार से घर घोघर जा रहे थे। रात करीब 9 बजे खुतेही मस्जिद के पास मोटरसाइकिल सवार आरोपी रेहान खान ने उन पर गोली चला दी। गोली कादिर खान के शरीर में लगने के बाद उन्हें तत्काल मिनर्वा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाली। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त पिस्तौल, खोखा, मोबाइल और मोटरसाइकिल जब्त की। साथ ही, बरामद हथियार और घायल के शरीर से निकली गोली की एफएसएल बैलिस्टिक जांच कराई गई, जिसमें पिस्तौल से ही फायरिंग होना प्रमाणित पाया गया। अभियोजन पक्ष ने मामले को साबित करने के लिए 14 गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्य अदालत में प्रस्तुत किए। हालांकि, सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता गिरीश पटेल, रामदल रावत और सुरेश विश्वकर्मा ने प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश, रीवा ने आरोपी रेहान खान को हत्या के प्रयास और आयुध अधिनियम के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

## इंजीनियरिंग छात्रों का कमालः सैनिकों के लिए तैयार किया ब्रेव बंकर, बड़े धमाकों से भी देगा सुरक्षा

### इको वेस्ट से तैयार मल्टी-लेयर स्ट्रक्चर, बड़े धमाकों की ऊर्जा भी करेगा अवशोषित



**रीवा**। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रीवा के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक अभिनव और किफायती बंकर तैयार किया है। ब्रेव नामक यह बंकर मल्टी-लेयर तकनीक पर आधारित है, जो विस्फोट के दौरान उत्पन्न ऊर्जा और शॉक वेव को प्रभावी ढंग से अवशोषित कर अंदर मौजूद जवानों को सुरक्षित रखने में सक्षम है। सिविल इंजीनियरिंग के सात छात्रों अंश श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, क्षमा कुशवाहा, याचना शुक्ला, सुनिधि सिंह, आंचल मिश्रा और शिवांशी मिश्रा ने चार महीने की मेहनत से इस प्रोजेक्ट को साकार किया। इसकी निर्माण लागत मात्र 40 हजार रुपये आई, जो इसे बेहद किफायती बनाती है,बता दे छात्रों ने इस बंकर को ऑनियन लेयर थ्योरी यानी प्याज की परतों के सिद्धांत पर विकसित किया है। बंकर को चार परतों में तैयार किया गया है, जिनमें हर परत का अलग कार्य है। पहली परत सैंडबैग की है, जो शुरुआती झटकों को रोकती है। दूसरी परत में रेत से भरी प्लास्टिक बोतलें और क्रम्ब रबर का इस्तेमाल किया गया है, जो कंपन और शॉक वेव को कम करती हैं। तीसरी परत में वेस्ट मटेरियल से तैयार M-30 ग्रेड आरसीसी का उपयोग किया गया है, जिसमें स्टील चिप्स और सोडस्ट ऐश मिलाकर इसकी मजबूती बढ़ाई गई है। अंतिम परत प्लास्टिक शीट की है, जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है।

### विस्फोट की ऊर्जा को करता है नियंत्रित

इस बंकर की खासियत यह है कि यह बड़े बम धमाकों से उत्पन्न ऊर्जा को धीरे-धीरे अवशोषित कर देता है। इससे बंकर के अंदर मौजूद सैनिकों पर विस्फोट का सीधा असर नहीं पड़ता। साथ ही, इसमें फायरिंग के लिए विशेष छिद्र (प्रोक होल) बनाए गए हैं, जिससे सैनिक सुरक्षित रहते हुए जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं।

### वेंटिलेशन की बेहतर व्यवस्था

डिजाइन में सैनिकों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। बंकर के अंदर पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था है, जिससे लंबे समय तक तैनाती के दौरान भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती।

### रिसाइकल मटेरियल से कम लागत में निर्माण

इस प्रोजेक्ट की एक और बड़ी विशेषता इसका पर्यावरण के प्रति अनुकूल होना है। बंकर के निर्माण में प्लास्टिक बोतलें, रबर के टुकड़े, स्टील चिप्स और अन्य औद्योगिक अपशिष्ट सामग्री का उपयोग किया गया है। इससे न केवल लागत कम हुई, बल्कि वेस्ट मैनेजमेंट को भी बढ़ावा मिला। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, बड़े पैमाने पर निर्माण होने पर और श्रम लागत कम होने की स्थिति में एक बंकर की लागत करीब 14 हजार रुपये तक लाई जा सकती है।

### 'विकसित भारत 2047' की सोच से प्रेरित

यह प्रोजेक्ट कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित टेकफेस्ट में प्रस्तुत किया गया, जिसकी थीम "ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर विकसित भारत 2047 थी। छात्रों ने प्राचार्य आर.के. तिवारी के मार्गदर्शन में इस नवाचार को विकसित किया। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों को स्थानीय और रिसाइकल सामग्री से उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया था। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और रक्षा जरूरतों को देखते हुए यह बंकर एक महत्वपूर्ण पहल है।

### नागरिकों के लिए भी उपयोगी

यह बंकर सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकता है। इसके अलावा, आपदा या आपातकालीन स्थितियों में आम नागरिकों के लिए भी सुरक्षित शेल्टर के रूप में उपयोग किया जा सकता है। बता दे ये पूरी तरह स्वदेशी तकनीक और संसाधनों से तैयार यह बंकर 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा को भी मजबूत करता है। कम लागत, टिकाऊपन और पर्यावरणीय संतुलन के साथ यह नवाचार भविष्य में रक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी विकल्प साबित हो सकता है।

## मिहिर सेन तरण ताल का हुआ लोकार्पण, अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस स्विमिंग पूल जनता को समर्पित



**रीवा। शहरवासियों एवं खेल प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'मिहिर सेन तरणताल' (स्विमिंग पूल) का नवनिर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बुधवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। समारोह में महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक डॉ. डी.एस. कपूर ने फीता काटकर तरणताल का शुभारंभ किया।**

लोकार्पण अवसर पर महापौर अजय मिश्रा ने कहा कि तरणताल का पुनर्निर्माण आधुनिक तकनीक, उच्च सुरक्षा मानकों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह स्विमिंग पूल न केवल रीवा, बल्कि पूरे संभाग के तैराकों के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे क्षेत्र में तैराकी खेल को नया प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास का अवसर प्राप्त होगा। महापौर ने बताया कि यह तरणताल लंबे समय से जर्जर अवस्था में बंद पड़ा था। नगर निगम ने इसके पुनर्जीवन का संकल्प लेते हुए इसे नए स्वरूप में विकसित कर आम जनता को समर्पित किया है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि इसका निर्माण पूर्व संभागीय आयुक्त रायजादा के कार्यकाल में हुआ था और वर्ष 1994 में नगर निगम गठन के बाद से इसका संचालन निगम द्वारा किया जा रहा था। करीब 4 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया गया। पहले चरण में 2 करोड़ 82 लाख रुपये तथा दूसरे चरण में 1 करोड़ 47 लाख रुपये व्यय किए गए। नवनिर्मित तरणताल में आधुनिक ऑटोमेटिक फिल्टर सिस्टम, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डाइविंग पिच के चारों ओर ग्लास रेलिंग और 4-4 लाख लीटर क्षमता के दो आधुनिक जल टैंक स्थापित किए गए हैं। इस तरणताल की विशेषता यह है कि यह शहर का पहला स्विमिंग पूल है, जहां रात्रिकालीन तैराकी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक का समय विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित किया गया है। परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, प्रशिक्षित तैराक, सुरक्षा गार्ड और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही, यहां गार्डनिंग और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। महापौर ने बताया कि तरणताल का संचालन एवं रखरखाव निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जिससे इसकी गुणवत्ता और सेवाएं बेहतर बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना नगर निगम रीवा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो शहर के खेल ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, नजमा बेगम, रमा दुबे, आरती बक्सरिया, रवि तिवारी, पार्षद सूफिया बेगम, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## रजहा में नरवाई प्रबंधन के लिए दिया गया जवाहर बायो डिकम्पोजर के उपयोग का प्रशिक्षण

**रीवा** । प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में भी वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत खेती को आधुनिक तथा अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक तथा नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।

प्राकृतिक खेती मिशन के तहत गठित क्लस्टर ग्राम रजहा में किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए जवाहर बायो डिकम्पोजर के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि गंगेव विकासखण्ड के रजहा ग्राम में कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित किसानों द्वारा नरवाई प्रबंधन के लिए जवाहर बायो डिकम्पोजर का उपयोग किया जा रहा है। किसानों को नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण देते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएम कुर्मवंशी ने बताया कि जवाहर बायो डिकम्पोजर एक विशेष तरह का घोल है। इसके छिड़काव से खेत में पराली कम समय में गल जाती है। पराली मिट्टी में मिलकर इसकी उर्वरा शक्ति और पोषक सूक्ष्मजीवों में वृद्धि करती है। इससे पराली अथवा नरवाई केवल 15 दिनों में समाप्त हो जाती है। एक एकड़ क्षेत्र के लिए एक लीटर जवाहर बायो डिकम्पोजर तथा दो किलो गुड़ को 200 लीटर पानी में मिलाकर सात दिन के लिए रख दिया जाता है। इसके बाद इसका पूरे खेत में छिड़काव किया जाता है। यह घोल 10 से 15 दिनों में नरवाई को सड़ा देता है। इससे नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके उपयोग से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की पोषक क्षमता बढ़ती है। पराली जलाने से होने वाले नुकसान और जुर्माने से भी किसान बचता है। इसका विकास जवाहरलाल नेहरू कृषि विद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया है। ग्राम रजहा के साथ-साथ बेलवा कुर्मियान तथा बेलवा बड़गैयान में भी इसका प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में दीपक कुमार श्रीवास्तव, दीपिका तिवारी, बबिता साकेत, स्वीकृति शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

## रोजगार मेले में 181 युवाओं को मिला रोजगार, युवाओं ने बढ़-चढ़ कर की भागीदारी



**रीवा** । युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में संभागीय आईटीआई रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 354 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 20 कंपनियों ने 181 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में फ्लैश ईवी प्लांट सावरदारी चाकन में 3, फ्लैश इलेक्ट्रानिक्स एचपी चौक चाकन में 4, सीएनएच न्यू हॉलैंड प्लांट चाकन में 2, महिंद्रा एण्ड महिन्द्रा लि. पीथमपुर में 15, टेनेको क्लीन एयर इंडिया लि. पीथमपुर में 30, धूत ट्रांसमिशन लि. पीथमपुर में 2, मद्रास रबर फैक्ट्री दहेज गुजरात में 8, कमिंस इंडिया प्रा.लि. पुणे में 8, जिंदल साउथ वेस्ट संभाजी नगर में 4, गोकलदास एक्सपोर्टस लि. बैगलोर में 5, सीआईआई-एमसीसी गुजरात में 44, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर में 24, जेबीएम लि. पीथमपुर में 10, एसआरएफ लि. पीथमपुर में 12 तथा मैनकाइंड फार्मा लि. बहरोर राजस्थान में 10 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, टीआरएस कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।